## खबर संक्षेप

### नारी निकेतन व बाल आश्रम का निरीक्षण

करनाल। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा तथा मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी व सचिव डॉ. इरम हसन ने नारी निकेतन, श्रद्धानंद बाल आश्रम व एमडीडी बाल भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महिलाओं व बच्चों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया और व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने इंद्री स्थित सब डिविजनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी व मध्यस्थता केंद्र का भी दौरा किया। सीजेएम डॉ. इरम हसन ने लंबित मामलों के निपटारे के लिए मध्यस्थता केंद्रों की भूमिका पर जोर देते हुए कम्युनिटी मीडिएशन के माध्यम से प्री-लिटिगेशन स्तर पर मामलों को सुलझाने के निर्देश दिए।

### अग्रवाल वैश्य समाज की नई टीम घोषित

करनाल। अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा द्वारा संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के उद्देश्य से करनाल जिला इकाई की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। इसमें देवेंद्र अग्रवाल को जिलाध्यक्ष, संजय गोयल को महासचिव और मुकेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपने पदभार संभालते हुए संगठन के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

### महोत्सव में होगा दो पुस्तकों का विमोचन

करनाल। दिल्ली के द्वारका में 26 मार्च को आयोजित गुलाबी साहित्यिक महोत्सव में साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण की दो पुस्तकों का विमोचन किया जाएगा। यह आयोजन प्रेरणा दर्पण साहित्यिक एवं सांस्कृतिक मंच और साहित्य 24 के संयुक्त तत्वावधान में होगा, जिसमें प्रसिद्ध कवि डॉ. हरीश नवल और विशिष्ट अतिथि ऋषि कुमार शर्मा विमोचन करेंगे। विमोचित पुस्तकों में 'मन के जाल्लै' (कुंडली संग्रह) और 'घणा बदलग्या यार जमाना' (हरियाणवी लघु कविता संग्रह) शामिल हैं। कृष्ण कुमार निर्माण पहले भी कई पुस्तकें लिख चुके हैं और उनकी रचनाएं आकाशवाणी व दूरदर्शन पर प्रसारित हो चुकी हैं।

## एक अप्रैल से शुरू होगी गेहूं की खरीद, मंडियों में नहीं पर्याप्त व्यवस्था

# आढ़तियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन, बारदाना बढ़ाने की मांग

ज्ञापन में साइलो खरीद पर पूर्ण आढ़त, जीएसटी से छूट, लाइसेंस फीस में कमी की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा आढ़ती एसोसिएशन ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर लघु सचिवालय पहुंचकर तहसीलदार कृष्ण कुमार के माध्यम से उपायुक्त उत्तम सिंह को ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान सुभाष गुप्ता ने बताया कि गेहूं व धान की सरकारी खरीद पर मिलने वाली आढ़त वर्तमान खर्च के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सरकार से आढ़त दर बढ़ाने और सभी फसलों पर 2.5 प्रतिशत आढ़त लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि 1 अप्रैल से गेहूं खरीद शुरू होनी है, लेकिन मंडियों में अभी तक बारदाना नहीं पहुंचा है, जिससे खरीद प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। इसके अलावा पिछले सीजन की 12 करोड़ रुपये की शॉर्टेज राशि का भुगतान भी लंबित है, जिसे जल्द जारी करने की मांग की गई। ज्ञापन में साइलो खरीद पर पूर्ण आढ़त, जीएसटी से छूट, लाइसेंस फीस में कमी और मंडियों में बेहतर परिवहन व्यवस्था की भी मांग उठाई गई। विभिन्न मांगों को लेकर लघु सचिवालय पहुंचकर तहसीलदार कृष्ण कुमार के माध्यम से उपायुक्त उत्तम सिंह को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जिले की 14 मंडियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



करनाल। मांगों को लेकर आवाज उठाते आढ़ती एसोसिएशन के पदाधिकारी।


ज्ञापन सौंपतेमंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता एवं मंडियों के प्रधान ।

## गेहूं सीजन से पहले व्यवस्थाएं दुरुस्त करने की मांग, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

तरावड़ी। जिला करनाल अनाज मंडी एसोसिएशन ने मंगलवार को उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर जिले की मंडियों में आवश्यक व्यवस्था जल्द दुरुस्त कराने की मांग उठाई। मौके पर उपायुक्त मौजूद ना होने तहसीलदार महोदय के मार्फत एसोसिएशन के प्रधान सुभाष चंद गुप्ता के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा गया कि आगामी 1 अप्रैल से गेहूं का सीजन शुरू होने जा रहा है, लेकिन अभी तक मंडियों में जरूरी सुविधाएं पूरी तरह से तैयार नहीं हैं। ज्ञापन में मंडियों में सफाई व्यवस्था, शौचालयों की उचित व्यवस्था तथा लाइटिंग को दुरुस्त करने की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके अलावा गेहूं की खरीद के लिए बारदाना समय पर उपलब्ध कराने की भी अपील की गई, ताकि किसानों और आढ़तियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिला मंडियों के प्रधान सुभाष चंद गुप्ता ने बताया कि यदि समय रहते व्यवस्था पूरी नहीं की गईं तो गेहूं सीजन के दौरान अव्यवस्था फैल सकती है, जिससे किसानों और व्यापारियों दोनों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। उन्होंने प्रशासन से जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।



## निःशुल्क मेडिकल कैंप में 62 मरीजों की जांच

- 11 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित
- मानव सेवा संघ में अर्पणा ट्रस्ट के विशेषज्ञ डॉक्टरों ने दी सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल मानव सेवा संघ के पवित्र प्रांगण में अर्पणा ट्रस्ट मधुबन के सहयोग से निःशुल्क मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में हड्डी रोग, स्त्री रोग, सर्जरी व नेत्र रोग विशेषज्ञों ने मरीजों की जांच कर उन्हें मुफ्त दवाइयां वितरित कीं।

उपप्रधान डॉ. भगत राम खंडवाल एडवोकेट ने बताया कि कैंप में कुल 62 मरीजों की जांच की गई। नेत्र विभाग के डॉक्टरों ने 11 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चयनित किया, जिन्हें अर्पणा ट्रस्ट मधुबन में निःशुल्क ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा दी जाएगी और बाद में उन्हें सुरक्षित घर पहुंचाया जाएगा। संघ के प्रधान स्वामी प्रेममूर्ति ने कहा कि "पहला सुख निरोगी काया" है और समय पर स्वास्थ्य जांच से गंभीर बीमारियों की रोकथाम संभव है। उन्होंने लोगों से ऐसे शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

अगला निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 23 अप्रैल को आयोजित होगा, जबकि 14 जून को जरूरतमंद कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह के लिए पंजीकरण जारी है।

## इंद्री में मवेशियों के अवशेष मिलने की घटनाएं निंदनीय आरोपियों को बख्शा नहीं जाएगा : विधायक कश्यप

- विधायक ने सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार करने वाले के खिलाफ एसपी को दी शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने मंगलवार को सिंचाई विभाग विश्राम गृह में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान इंद्री में गत दिनों मवेशियों के अवशेष मिलने वाली घटनाओं के संदर्भ में कहा कि यह एक बहुत ही निंदनीय घटना है तथा इस घटना से जिला करनाल ही नहीं बल्कि पूरा हरियाणा दुखी है। उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन बहुत ही संजीदगी से कार्य कर रहा है तथा हर पहलू से घटना की खोजबीन की जा रही है। विधायक ने बताया कि इस घटना को लेकर व्यवस्थित तरीके से कार्रवाई की जा रही है तथा इस दिशा में महत्वपूर्ण सुराग मिले है तथा जल्द ही इस घटना के बारे में खुलासा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस घटना के पीछे जिन भी शरारती अथवा असामाजिक तत्वों की साजिश है, उनको बख्शा नहीं जाएगा तथा कानून के तहत उन्हें सख्त से सख्त सजा दिलवाई जाएगी ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो सके।


इंद्री। गो रक्षक संत गोपाल दास से बातचीत करते विधायक रामकुमार कश्यप ।

### करेंगें कड़ी कार्रवाई

सोशल मीडिया पर विधायक के खिलाफ चलाए जा रहे दुष्प्रचार के बारे मे विधायक ने कहा कि इस बारे में उन्होंने पुलिस अधीक्षक को शिकायत दे दी है । ऐसी भ्रामक व गलत अफवाहे फैलाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ भी उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस मौके पर गौ रक्षक संत गोपाल दास से मुलाकात करने के बाद विधायक ने कहा कि संत गोपालदास ने गो रक्षा, गौशाला तथा गौ चरांद भूमि के सम्बन्ध में जो भी सुझाव दिये है वह काफी सराहनीय है। उन्होंने कहा कि इन सुझावों बारे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संज्ञान में लाया जाएगा तथा इस दिशा में सकारात्मक तथा

## मां बाला सुंदरी त्रिलोकपुर में नवरात्रों में गैलेक्सी परिवार की ओर से विशाल भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने माता-पिता की स्मृति में गैलेक्सी बासमती चावल के निर्माता गोयल इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड परिवार की ओर से मां बाला सुंदरी त्रिलोकपुर के पवित्र स्थान पर नवरात्रि के उपलक्ष में गैलेक्सी परिवार की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा मां नवरात्र से लेकर चौदस तक भंडारा चलेगा। गैलेक्सी ग्रुप के एमडी विजय गोयल ने बताया की मां बाला सुंदरी की असीम कृपा से और गुरुजनों के आशीर्वाद से अपने पूर्वजों माता स्वर्गीय सत्या देवी पिता स्वर्गीय देवी चंद्र गोयल जी की याद में विशाल भंडारा चलाया जा रहा है। यह विशाल भंडारा रोजाना प्रातः 4:00 बजे से लेकर रात्रि 12:00 बजे तक चलता रहता है। इस भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए व्रत का भोजन भी अलग से बनाया जा रहा है। जिसमें रोजाना हजारों श्रद्धालु भंडारा रूपी प्रसाद ग्रहण करते हैं।


तरावड़ी। माँ बाला सुन्दरी मन्दिर में गैलेक्सी परिवार की ओर से चल रहा भंडारा

### ग्लैक्सी परिवार कराता रहता है धार्मिक आयोजन

बता दें इससे पूर्व भी गैलेक्सी परिवार की ओर से वृंदावन, बद्रीनाथ, द्वारका धाम में भी श्रीमद् भागवत सप्ताह यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया था। जिसमें शहर के सभी लोग वृंदावन में श्रीमद् भागवत कथा सुनने पहुंचे थे। गैलेक्सी परिवार की ओर से पूरा वर्ष कहीं ना कहीं हमेशा पुण्य के कार्य होते रहते हैं। हम परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं ईश्वर गैलेक्सी परिवार पर अपनी कृपा बरसाए रखे हुए ऐसे ही समाज की सेवा करते रहें।

## शक्ति और ज्ञान के समन्वय से ही जीवन में मिलती है उन्नति



करनाल। सेक्टर-8 स्थित श्री राम मंदिर में आयोजित धार्मिक सत्संग में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। प्रयागराज से पधारे संत ने अपने ओजस्वी और हृदयस्पर्शी प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान किया। अपने प्रवचन में उन्होंने मां दुर्गा और मां सरस्वती की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि मां दुर्गा शक्ति, साहस और संरक्षण की प्रतीक हैं, जबकि मां सरस्वती ज्ञान, विद्या और बुद्धि प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति अपने जीवन में शक्ति और ज्ञान दोनों का संतुलन स्थापित कर लेता है, तभी वह वास्तविक प्रगति और आत्मिक उन्नति को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को नियमित भक्ति, साधना और सत्संग के माध्यम से अपने जीवन को सकारात्मक दिशा देने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और जय माता दी के जयघोष से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। अंत में संत ने सभी भक्तों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सच्चे मन से की गई ईश्वर की आराधना से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि अवश्य आती है।

## विश्व क्षयरोग दिवस पर टीबी मरीजों को पोषण किट दी



करनाल। विश्व क्षयरोग दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा टीबी मरीजों के लिए विशेष पहल करते हुए न्यूट्रिशन किट वितरित की गई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों को बेहतर पोषण उपलब्ध कराना और उन्हें नियमित उपचार के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने मरीजों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और उन्हें नियमित दवा लेने के साथ-साथ प्रोटीन युक्त संतुलित आहार लेने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सही समय पर इलाज और उचित खानपान से टीबी को पूरी तरह नियंत्रित किया जा सकता है। अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर मरीज शीघ्र स्वस्थ हो सकते हैं।

## टीबी मुक्त अभियान के अंतर्गत सराहनीय कार्यों के लिए 19 ग्राम पंचायतों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

विश्व टी.बी. दिवस के उपलक्ष्य में टी.बी. मुक्त पंचायत अभियान के अंतर्गत बीडीपीओ कार्यालय के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एसडीएम अनिल कुमार यादव की अध्यक्षता में और उपमंडल नागरिक अस्पताल इंद्री के एसएमओ डॉ. संदीप अबरोल के मार्गदर्शन में किया गया । इस मौके पर खंड इंद्री की 19 ग्राम पंचायतों को टी.बी. मुक्त अभियान के अंतर्गत उनके द्वारा सराहनीय कार्यों के लिए ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। डॉ. संदीप अबरोल ने बताया कि प्रधानमंत्री भारत प्रोग्राम के तहत विशेषकर गर्भवती महिलाओं के लिए महीने में 4 बार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है। उन्होंने डेंगू और मलेरिया जैसे रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होने बताया कि एच.पी.वी. टीकाकरण अभियान की शुरुआत 28 फरवरी 2026 को हो चुकी है ।


इंद्री। टी.बी. मुक्त अभियान के तहत सराहनीय कार्यों के लिए पंचायतों को सम्मानित करते एसडीएम अनिल कुमार यादव ।

### मुंह के कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा

इस टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 14 साल से 15 साल के बीच की आयु वर्ग की लड़कियों को बच्चेदानी के मुँह के कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने एचपीवी टीकाकरण को सफल बनाने में सभी विभागों से मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सीडीपीओ मीना कुमारी, बीडीपीओ गुरमलक सिंह, बीईओ गुरनाम सिंह, नपा प्रधान राकेश कुमार, रजनेश कुमारी, प्रिंस कांबोज व डॉ. गौरव संधू आदि मौजूद रहे।



## चैती छठ पर्व पर उमड़ी आस्था, घाटों पर दिखा श्रद्धा का अद्भुत दृश्य

करनाल। चैती छठ पर्व के अवसर पर करनाल में श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। मंगलवार की शाम पश्चिमी यमुना नहर के घाटों पर बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु एकत्रित हुईं और पारंपरिक विधि विधान के साथ डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने कठोर व्रत और पूजा-अर्चना के माध्यम से अपने परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और स्वास्थ्य की कामना की। घाटों पर दीपों की रोशनी, लोकगीतों और मंत्रोच्चारण से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। छठ पर्व सेवा समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे, जिनमें साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और जल की व्यवस्था शामिल रही। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यह पर्व सूर्य उपासना का महान प्रतीक है, जो शारीरिक और मानसिक शुद्धता प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व विशेष रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, हरियाणा और अन्य राज्यों में बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। बुधवार सुबह उदयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ इस चार दिवसीय व्रत का समापन होगा।

## पीएनजी कनेक्शन अपनाने की अपील सस्ती व सुरक्षित गैस का बेहतर विकल्प एलपीजी से 14 प्रतिशत तक सस्ती

- 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति से उपभोक्ताओं को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

उपायुक्त उत्तम सिंह ने करनाल के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिन क्षेत्रों में पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) की पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, वहां के निवासी जल्द से जल्द कनेक्शन लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पीएनजी न केवल सुरक्षित है, बल्कि यह सीएनजी और पारंपरिक एलपीजी सिलेंडर की तुलना में काफी किफायती और सुविधाजनक भी है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिला में एलपीजी की दर 64.96 रुपये प्रति किलोग्राम है, जबकि पीएनजी की दर 45.40 रुपये प्रति एससीएम है, जो घरेलू एलपीजी की तुलना में लगभग 14 प्रतिशत सस्ती है। इससे उपभोक्ताओं के मासिक खर्च में सीधी बचत होगी। उपायुक्त ने बताया कि करनाल के सेक्टर-4, 5, 6, 7, 8, 9, 12, 13, 14 भाग-1, 16, 32, 35, 36, 45 सहित एलआईसी कॉलोनी, मॉडल टाउन, न्यू डीसी कॉलोनी, निर्मल विहार, पालम कॉलोनी, अशोका नर्सरी, दीवान कॉलोनी, शक्तिपुरम, प्रेम नगर, राम नगर और वसंत विहार समेत कई क्षेत्रों में पीएनजी पाइपलाइन का कार्य पूरा हो चुका है। इन क्षेत्रों के निवासियों को शीघ्र कनेक्शन लेकर एलपीजी पर निर्भरता कम करने की सलाह दी गई है।

## ईश्वर प्राप्त करना अगर जीव का लक्ष्य है तो राम नाम का सिमरण साधन : अशोक

# कथा में भगवान के अलग-अलग रूपों का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

तरावड़ी 24 मार्च (राजकुमार खुराना) श्रीराम नवमी के उपलक्ष्य में श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव के पंचम दिन श्रीराम कथा का गायन करते हुए कथाब्यास प्रोफेसर डाक्टर अशोक पांडेय ने राम नाम की महिमा का गुणावाद करते हुए कहा कि भगवान की अनुकंपा पाने का यदि साध्य सिद्ध करना है जीव ने तो वर्तमान कलिकाल में सबसे बड़ा साधन है राम नाम का सिमरण ही है।डाक्टर पांडेय ने कहा कि जैसे विश्व में सूर्य एक है चंद्रमा एक है,समुद्र एक है वैसे ही ईश्वर भी विश्व में एक है ,समय स्थान देश ,प्रदेश में भले ही पहनावा,वेशभूषा एवं भाषा तथा पूजा पद्धति भले ही अलग अलग है लेकिन मूल सांस्कृतिक रुप से लक्ष्य एक ही होता अपनी संस्कृति का पालन तथा ईश्वर की भिन्न-भिन्न साधनों अराधना। भगवान का अवतरण ही केवल दुष्टों का दमन ही नहीं बल्कि भक्तों की अटूट श्रद्धा एवं अटल विश्वास के फलस्वरूप समय- समय पर अवतरित हो जाते हैं। श्री सनातन धर्म मंदिर सभा के अध्यक्ष शिव नाथ कपूर ने कथाव्यास डाक्टर अशोक पांडेय का अभिवादन करते हुए बताया भारत की संस्कृतिक एवं सांस्कृतिक के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है जो अयोध्या में निशुल्क गुरुकुल का संचालन करके सैंकड़ो युवानों को सनातन संस्कृति के प्रचार एवं प्रसार के लिए समाज को समर्पित किए हैं।



तरावड़ी। मंच से प्रवचन करते कथा व्यास अशोक पांडे एवं श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### डॉक्टर पांडेय का अभिवादन भी किया

कपूर ने बताया कि 26मार्च को विशाल भण्डारे के साथ कथा का समापन होगा। आज मुख्य रुप से तरावड़ी लखदातार ट्रस्ट के सदस्य कथा महोत्सव में सम्मलित होकर डाक्टर पांडेय का अभिवादन भी किया ।आज मुख्य रुप से प्रख्यात व्यवसायी विनित बंसल,अशोक बंसल,अंकुर गर्ग,अंकुश गुप्ता,अंश गर्ग,संजय सेन, एवं नीतेश मंगला,सुमित ऐबला, सूरज ढुआ, नवरुप सिंह, सुरेंद्र भाटिया,वेद कटारिया,हरीश पसरीचा,प्रवीण आनंद ,अश्वनि शर्मा, लाला भगत राम ,निखिल

## एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता, कालाबाजारी रोकने को उठाएं सख्त

करनाल। जिला खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों की कोई कमी नहीं है।

विभाग द्वारा कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं। इसके तहत जिला और ब्लॉक स्तर पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है, ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। अधिकारियों ने आम नागरिकों से अपील की है कि यदि उन्हें गैस वितरण में किसी प्रकार की गड़बड़ी दिखाई दे तो वे तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर शिकायत दर्ज कराएं।

## खबर संक्षेप

### इसराना उपमंडल को एनीमिया मुक्त बनाएंगे

**पानीपत।** केंद्र सरकार के एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत इसराना उपमंडल में बैठक में बैठक हुई। बैठक में एसडीएम नवदीप सिंह नैन ने नौल्था और अहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों के साथ बैठक की। वहीं, एसडीएम नैन ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा एनीमिया से ग्रस्त न हो। वहीं, सरकार ने महिला एवं बाल विकास, पंचायत, स्वास्थ्य और शिक्षा विभागों के सहयोग से बच्चों को मुफ्त दवाएं उपलब्ध कराने का अभियान शुरू किया है। इसके तहत छोटे बच्चों को आंगनवाड़ी केंद्रों में ड्रॉप्स के माध्यम से दवा दी जाएगी, जबकि बड़े बच्चों को टैबलेट प्रदान की जाएंगी। वहीं, बैठक में एएसएमओ डॉ. गुलशन, डॉ. प्यारेलाल, डॉ. तेजपाल, सुषमा, सुनीता, मंजू, उर्वशी अनिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### नशे के विरुद्ध लोगों को जागरूक किया

**पानीपत।** पानीपत पुलिस जिले को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता अभियान चलाए हुए है। इसी कड़ी में जिला पुलिस की नशा मुक्त टीम ने मंगलवार को डाहर गांव में डोर टू डोर जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों बारे बताकर नशे के खिलाफ जागरूक किया। वहीं, पुलिस टीम ने गांव में घर-घर जाकर लोगों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पूरे परिवार और समाज पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। वहीं, युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है।

### देशी पिस्तोल व जिंदा कारतूस के साथ काबू

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने वीरभवन चौक से श्रीराम चौक की तरफ जाने वाले रास्ते पर अमन पुत्र अरूण कुमार निवासी गांव झुगियां जिला बस्ती उत्तर प्रदेश को अवैध देशी पिस्तोल व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। थानेदार सुभाष ने बताया कि आरोपी अमन के खिलाफ थाना किला में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### निशु पोरिया को मुख्यमंत्री सैनी ने सम्मानित किया

**पानीपत।** पानीपत के गांव नौल्था की निशु पोरिया को हिसार में आयोजित किसान कृषि मेला में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सम्मानित किया। निशु को सिलाई-कढ़ाई के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने, लड़कियों को मुफ्त प्रशिक्षण देने और सामाजिक कार्यों में योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। निशु ने कृषि विज्ञान केंद्र, गांव उझा जिला पानीपत में सिलाई-कढ़ाई की ट्रेनिंग ली और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को सिलाई व कढाई की ट्रेनिंग देकर आत्मनिर्भर बनाया।

### जन विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन किया

**पानीपत।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर दिल्ली रामलीला मैदान में आयोजित देशव्यापी रैली में पानीपत से सैकड़ों की संख्या में पार्टी सदस्य पार्टी व समर्थक भाग लेने के लिए पहुंचे। पार्टी राज्य कमेटी सदस्य का.सुनील दत्त, जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक ने बताया कि भाजपा संघ परिवार नेतृत्व वाली केंद्र की मोदी सरकार की देशद्रोही और जन विरोधी नीतियों के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में देशव्यापी ऐतिहासिक रैली हुई।

### आर्य मंदिर में भजन संध्या का हुआ आयोजन

**पानीपत।** हिन्दू नववर्ष और आर्य समाज स्थापना दिवस पर आयोजित चार दिवसीय सामवेद पारायण महायज्ञ हुआ। वहीं, आर्य समाज मंदिर हुडा सेक्टर 12 पानीपत द्वारा आयोजित महायज्ञ में मंगलवार को पूर्णाहुति हुई। यज्ञ ब्रह्मा डॉ.मनु आर्य ने आचार्य शुभम के साथ सामवेद के पावन मंत्रों के साथ विशेष रूप से यज्ञ करवाया। इस अवसर पर प्रधान आर्य सुरेश मलिक, रतन शर्मा, श्री भगवान सिंगला, राजकुमार त्यागी, राधेश्याम गुप्ता, बेला भाटिया, आत्म प्रकाश आर्य, नीरजा सिंगला, केआर छोक्कर, प्रीति त्यागी व शकुंतला आर्य आदि उपस्थित रहे।

## आर्य बाल भारती स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया

# वैदिक संस्कार ग्रहण कर मानवता की सेवा करें युवा

शिक्षा जहां इंसान की तरक्की की राह है वहीं, पाश्चात्त संस्कृति युवाओं को स्वार्थी बनाती है।

1. वैदिक संस्कृति युवाओं को सेवा के भाव से भर कर आगे बढ़ने का संदेश देती है
2. वैदिक धर्म पूरी दुनिया को मानवता, सद्भावना, सहयोग, सेवा, दान, त्याग, संघर्ष का
3. मंच संचालन ऑर्डिनेटर सोनिका व नीतू ने


पानीपत। आर्य बाल भारती स्कूल के अध्यक्ष रणदीप आर्य, मेधावी छात्राओं को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के चेयरमैन रणदीप आर्य ने कहा कि युवाओं को वैदिक संस्कार ग्रहण कर मानवता, देश व समाज की निष्काम सेवा करनी चाहिए। वहीं, हरियाणा आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा संचालिक शिक्षण संस्थाओं में विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ वैदिक संस्कार भी दिए जाते है। आर्य, मंगलवार को स्कूल के पांचवीं से लेकर कक्षा 11वीं की परीक्षा परिणाम घोषणा समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा जहां इंसान की तरक्की की राह है। वहीं, पश्चायत संस्कृति युवाओं को स्वार्थी बनाती है। जबकि वैदिक संस्कृति युवाओं को सेवा के भाव से भर कर आगे बढ़ने का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि पाश्चात संस्कृति के बालबाले से सामाजिक तानाबाना बिगड रहा है, जबकि फास्ट फूड से स्वास्थ्य खराब हो रहा है। उन्होंने समाज के हर वर्ग से अपने बच्चों को वैदिक संस्कार देने की अपील करते हुए कहा कि वैदिक धर्म पूरी दुनिया को मानवता, सद्भावना, सहयोग, सेवा, दान, त्याग, संघर्ष का संदेश देता है। दूसरी ओर, विद्यालय के प्रबंधक सुखबीर आर्य, कोषाध्यक्ष रतन आर्य, ओमदत्त आर्य ने मेधावी विद्यार्थियों को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद देते हुए कहा कि कहा कि बच्चों का मन निर्मल और कच्ची मिट्टी की तरह होता है जिसे प्रतिभाशाली बनाने में अध्यापकों अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बच्चे भारत का भविष्य है यदि भारत को वर्ष 2047 से पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने में यही बच्चे अहम भूमिका अदा करेंगे। वहीं कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थी साक्षी, वैदिक, मानवी, शिवाय, सिमरन, प्रियाल, माही को सम्मानित किया गया। वहीं, मंच संचालन ऑर्डिनेटर सोनिका व नीतू ने किया। जबकि प्राचार्य डॉ अशोक आर्य, उप प्राचार्य जगदीश आर्य व आशा अरोडा ने कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र के साथ किया। वहीं, कार्यक्रम में बडी संख्या में विद्यार्थियों, शिक्षक व अभिभावक और गैर शैक्षिणक स्टाफ ने भाग लिया।

# श्री हनुमान जयंती शोभायात्रा को लेकर प्रशासन अलर्ट


पानीपत। श्री हनुमान जयंती शोभायात्रा को लेकर बैठक करते उपायुक्त, पुलिस कप्तान आदि। फोटो : हरिभूमि

- दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं भाग लेंगे, तैयारी में जुटा प्रशासन, धार्मिक व सामाजिक संस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

श्री हनुमान जयंती के पावन अवसर पर पानीपत की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं द्वारा दो अप्रैल को दोपहर बाद निकाली जाने वाली भव्य शोभायात्रा को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस संबंध में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने मंगलवार को शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ जिला सचिवालय सभागार में समीक्षा बैठक कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपीं। इस यात्रा में प्रशासन सहयोगी रहेगा। बैठक में डॉ. दहिया ने बताया कि इस विशाल शोभायात्रा को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए मनदीप कुमार को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जबकि डीएमसी अरुण भार्गव सहयोगी अधिकारी के रूप में उनके साथ कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त अमित कुमार सहित अन्य अधिकारियों को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां दी गई हैं ताकि किसी भी स्तर पर कोई कमी न रह जाए।

### शोभायात्रा हमारे शहर की आस्था व एकता का प्रतीक

श्री हनुमान जयंती की यह शोभायात्रा हमारे शहर की आस्था और एकता का प्रतीक है। प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। यह यात्रा देवी मंदिर से प्रारंभ होगी व वहां से अलग-अलग स्थान से होती हुई अलग-अलग स्थान पर जाएगी जहां दो स्थानों पर इस यात्रा का समापन होगा। डीसी डॉ. दहिया ने बताया कि सभी विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर लिया गया है और हर छोटी-बड़ी व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहरवासियों के सहयोग से यह शोभायात्रा निश्चित रूप से एक यादगार आयोजन बनेगी। प्रशासन और सामाजिक संगठनों के संयुक्त प्रयासों से इस वर्ष की हनुमान जयंती शोभा यात्रा को भव्य, सुव्यवस्थित और प्रेरणादायक बनाने की पूरी तैयारी की जा रही है। स्मरणीय है कि शोभायात्रा, श्री देवी मंदिर से प्रारंभ होकर लगभग शहर में सात किलोमीटर का सफर तय करेगी।


समालखा। जन सेवा दल के पदाधिकारी सचिन छौक्कर को सम्मानित करते हुए।

### जन सेवा दल ने सचिन को सम्मानित किया

**समालखा।** मानवता, साहस और सेवा की मिसाल पेश करते हुए गांव नारायण के युवा सचिन छौक्कर ने अपनी जान की परवाह किए बिना पांच लोगों की जिंदगी बचाकर एक अद्भुत कार्य किया है। इस कार्य के लिए जनसेवा दल सिविल हॉस्पिटल पानीपत के सदस्यों ने गांव नारायण पहुंचकर सचिन छौक्कर को सम्मानित किया। जनसेवा दल के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए गौरव हैं, जो निस्वार्थ भाव से सेवा करते हैं। सचिन का यह साहसिक कदम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत रहेगा। जनसेवा दल सचिव चमन गुलाटी ने कहा इस बच्चे ने पूरे गांव का नाम भी रोशन किया है। कोई भी अच्छा कार्य करेगा जनसेवा दल हमेशा उनका सम्मान करेगा। उल्लेखनीय है कि सचिन छौक्कर ने एक कार के नहर में गिरने के बाद उसमें सवार परिवार के सभी पांच सदस्यों को नहर से बाहर निकालकर उनकी जान बचाई थी। प्रधान श्री कृष्ण मनचंदा, चमन गुलाटी, कमल गुलाटी, श्याम लाल, राजू कथूरिया ने गांव में पहुंचकर सचिन छौक्कर का सम्मान किया।

# सूर्य नमस्कार में रिकार्ड बनाने वाले संदीप जांगडा सम्मानित

- जांगडा ने लगातार 37 घंटे में 20000 सूर्य नमस्कार कर छठी बार विश्व रिकॉर्ड बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। गणमान्य नागरिक संदीप जांगड़ा को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

युवा नशे से दूर रहकर अपने माता-पिता, समाज व राष्ट्र का नाम रोशन करें। यदि युवा योग एवं खेलों में हिस्सा लेंगे तो वह पढ़ाई में भी अग्रणी रहेंगे। इसलिए हमें अपने बच्चों को खेलों एवं योग में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए। जिससे वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। ये शब्द लगातार 37 घंटे में 20000 सूर्य नमस्कार करने का छठी बार विश्व रिकॉर्ड बनाने वाले संदीप जांगड़ा आर्य ने मंगलवार को गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर के प्रांगण में श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में कहे। वहीं, श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा द्वारा संदीप जांगडा पगड़ी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्मरणीय है संदीप आर्य, हिसार के गांव फरीदपुर के निवासी है छह बार इंटरनेशनल स्तर पर गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर संरक्षक रोशन लाल धीमान, डा. राजकुमार जांगड़ा, विनोद पांचाल, प्रधान राजकुमार पांचाल माजरी, प्रबंधक राजेंद्र पांचाल भंडारी, महासचिव सुभाष जांगड़ा, कोषाध्यक्ष संजय धीमान, श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के प्रधान रोहतास पांचाल, बिजेंद्र पांचाल, बबलू पांचाल आदि उपस्थित रहे।

# रिंग रोड बनने पर ही पानीपत को मिलेगी जाम से मुक्तिः विज

- पानीपत में सड़क सुरक्षा पर सख्ती, एक हफ्ते में सड़क चौड़ीकरण पूरा करने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत


पानीपत। सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक करते हुए विधायक प्रमोद विज, उपायुक्त, पुलिस कप्तान, दुष्यंत भट्ट आदि। फोटो : हरिभूमि

जिला सड़क सुरक्षा वाहन पॉलिसी की अहम बैठक मंगलवार को जिला सचिवालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने कहा कि शहर के विकास को लेकर प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। जो अधिकारी कार्य में रूचि नहीं लेते उनके खिलाफ शख्त कार्यवाही होगी। इसराना फ्लाई आवर के पास जमा पानी का निदान करने को लेकर अधिकारियों को जायजा लेने के निर्देश दिए गए। वहीं, डॉ. दहिया ने कहा कि जल्द ही शहर की सड़कों पर पिंक ऑटो प्रशिक्षित महिलाएं द्वारा संचालित होती दिखाई देंगी। वहीं, आमजन की सुविधा के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रेस्ट हाउस तक की सड़क के विस्तार का कार्य एक सप्ताह के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू हो सके। बैठक में सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लेकर आयोजित बैठक में सड़क हादसों के आंकड़ों की समीक्षा, जीटी रोड पर कैमरे लगाने, जीटी रोड के चौड़ीकरण, आरसीसी बैरियर लगाने जैसे विषय प्रमुख रूप से शामिल रहे।

### साक्षरता बढ़ाने को शिक्षा रथ का शुभारंभ

**पानीपत।** शहीदी दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देकर जिले के राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए राजकीय हाई स्कूल गांव काबडी से सबको रोशनी फाउंडेशन के अध्यक्ष विकास गोयल, सतबीर गोयल, ग्रीन पानीपत संयोजक संदीप और जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा ने नारियल फोड़कर शिक्षा रथ का शुभारंभ किया। डीईओ राकेश बूरा ने बताया कि पिछले कई वर्षों से हम पानीपत में शिक्षा रथ चला कर बच्चों और अभिभावकों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं, इस प्रयास के सकारात्मक परिणाम आ रहें हैं और पानीपत में सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ रही है। वहीं, रोशनी फाउंडेशन और शिक्षा विभाग के सहयोग से हम छुट्टी वाले दिन और शाम को छुट्टी होने के बाद जिले में गांवो व शहर की हर कालोनियों में जाकर बच्चों और अभिभावकों को सरकारी स्कूलों में मिलने वाली सुविधाओं और सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हैं। जिससे सरकारी स्कूलों में छात्र संख्या बढ़ेगी।



पानीपत। शिक्षा रथ को रवाना करते हुए डीईओ राकेश बूरा, विकास गोयल आदि।

### जनसेवा सर्वोपरि : शर्मा

**पानीपत।** जनसेवा ही हमारा मूल उद्देश्य है और जिले की हर महिला व आंगनबाड़ी वर्कर्स की समस्या का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यह कहना है जिला परिषद प्रधान ज्योति शर्मा का। उन्होंने मंगलवार को जिला परिषद कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान जिलेभर से आई आंगनबाड़ी वर्करों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को तुरंत समाधान के निर्देश दिए।

### डिजाइनिंग में संगीता प्रथम

**पानीपत।** आईबी कॉलेज में वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के तत्वावधान में बीकॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए क्रिएटिव बुकमार्क डिजाइनिंग कॉन्टेस्ट हुआ। जिसमें संगीता प्रथम, अंजलि व नैना द्वितीय, खुशी व प्राची तृतीय और अमन को सांत्वना पुरस्कार मिला। विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा, कक्षा की मेंटर आकांक्षा शर्मा ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया।

### क्विज में अन्नू, अनुज, तमन्ना प्रथम

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा शहीदी दिवस पर क्विज का आयोजन किया गया। वहीं, क्विज में अनू, अनुज, तमन्ना की टीम प्रथम, पलक, प्रीति, काजल द्वितीय रही। विजेताओं को प्राचार्य डॉ. सतवीर सिंह, सहायक प्रोफेसर रवि, चारू, मोनिका, डॉ. बिजेंद्र ने पुरस्कृत किया।

### टीबी से बचाव को जागरूक किया

**पानीपत।** जिला रेडक्रास सोसाइटी सचिव गौरव राम करण की अगुवाई में प्राथमिक सहायता का प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवक व युवतियों को विश्व टीबी दिवस पर टीबी व अन्य क्षय रोगों के बारे में जागरूक किया गया और अन्य लोगों को जागरूक करने बारे शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर प्रवक्ता सोनिया शर्मा, कला भारद्वाज, लाल चन्द, जसमेर सिंह, अमित कुमार आदि मौजूद रहे। उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील की।

### एसडीआईएस में सेरेमनी

**पानीपत।** हुडा सेक्टर छह स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा द्वितीय, पंचम एवं अष्टमी के विद्यार्थियों के लिए आयोजित ग्रेजुएशन सेरेमनी हर्ष, गर्व और भावनाओं का अनूठा संगम बन गया। रंग बिरंगे परिधानों और ग्रेजुएशन गाउन में सजे नन्हें विद्यार्थियों की मुस्कान हर किसी के चेहरे पर खुशी ले आई। इधर, प्रधानाचार्या रूचि शर्मा ने मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया।

### दाखिला अभियान चलाया

**पानीपत।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव बड़ौली में नए शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ से ही प्राचार्य ओम सिंह राणा के नेतृत्व में स्कूल स्टाफ़ सदस्यों प्रदीप मलिक, उमेद सिंह आदि ने ने गांव महमूदपुर व कचरौली में जाकर अभिभावकों से अपने बच्चों का स्कूल में दाख़िले की अपील की।

### सैनिक स्कूल में भगत सिंह को दी श्रद्धांजलि

**थानेसर।** श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल न्यू सैनिक स्कूल में आज महान क्रांतिकारी भगत सिंह के शहीदी दिवस के अवसर पर कैडेट श्रेयस एवं अच्छछित ने अपने प्रभावशाली भाषणों के माध्यम से भगत सिंह के महान व्यक्तित्व, देशभक्ति और बलिदान से सभी को परिचित कराया।

## मंडियों के गेट पास पर नए आदेश वापस लें प्रदेश सरकार : धर्मबीर

# पानीपत के आढ़तियों ने सचिवालय पर प्रदर्शन किया

*प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत



पानीपत। जिला सचिवालय पर प्रदर्शन करते हुए आढती। फोटो : हरिभूमि

पानीपत जिला अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के बैनर तले जिला की मंड़ियों के आढ़तियों ने मंगलवार को जिला सचिवालय में अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने तहसीलदार को मुख्यमंत्री नायब सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। इधर, आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पानीपत मंडी आढ़ती एसोसिएशन के जिला प्रधान धर्मबीर मलिक ने कहा कि हरियाणा एक कृषि प्रधान देश है और प्रदेश के आर्थिक विकास में किसानों व आढतियों का अहम योगदान है लेकिन सरकार इनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

### आढ़तियों की प्रमुख मांगें

आढतियों की कई प्रमुख मांगें हैं जिनको अब गेहूं का सीजन शुरू होने से पहले ही पूरा किया जाये। उन्होंने बताया कि पहले आढ़तियों को 2.50 प्रतिशत आढ़त मिलती थी अब उसे कम कर दिया गया, अभी भी 2.50 प्रतिशत आढ़त दी जाए। सरकार द्वारा अब सरसों व गेहूं के गेट पास को लेकर किसानों को गेट पास जारी करने के लिये जो नए आदेश दिए गए हैं उनको वापस लिया जाए। हरियाणा की जिन अनाज मंड़ियों में बूथ हैं, उनके लाइसेंस रिन्यू किए जाए। आढ़तियों के लाइसेंस को हर साल रिन्यू करने की बजाए एक बार में ही सारी उम्र के लिए बनाया जाए, अनाज मंड़ियों से गेहूं की फसल को 72 घंटे में उठान किया जाए, नहीं तो आढ़तियों को घटती का नुकसान होता है। प्रदर्शन में समालखा मंडी प्रधान बलजीत, मतलौडा मंडी प्रधान दीपक गर्ग, पूर्व प्रधान बिजेंद्र मान, बापौली मंडी प्रधान दलीप, पूर्व प्रधान सुलेख डिडवाडा, बाबरपुर मंडी प्रधान राजू, दिलावर मलिक, यशपाल, जयकरण, बलबीर, अंकित, मनीष समेत बडी संख्या में आढ़ितयों ने भाग लिया।

### 7767 बेटियों का किया जाएगा वैक्सीनेशन

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीनेशन अभियान के तहत कुरुक्षेत्र जिला में 7767 बेटियों को टीकाकरण करने के लक्ष्य को जल्द ही पूरा करना है। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को आधार मानकर काम करना होगा। इतना ही नहीं वैक्सीनेशन अभियान में सराहनीय कार्य करने वाले सरपंच व पार्षद को जिला प्रशासन की तरफ से सम्मानित भी किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि एमओ, एसएमओ, डिप्टी सीएमओ, शिक्षा विभाग के अधिकारियों और आंगनवाड़ी वर्करों के साथ शेड्यूल तैयार करके गांव व शहरों में शिविर लगाएंगे, ताकि आमजन इस अभियान के प्रति जागरूक हो सके।

